	1990		1991		1992		1993		1994	
राजस्थान	58	11954	176	42168	27	4559	3	45	17	1795
गुजरात	0	0	2	23	49	3165	0	0	0	0
योग	347	71736	391	86116	118	10781	43	1745	153	3290
एआई/आईएस ड्यूटी										
जम्मू व कश्मीर	659	62297	1082	63571	1268	70494	840	52731	942	40491
पंजाब	232	10613	545	15454	194	3637	0	0	0	0
योग	891	72910	1627	79025	1462	74131	840	52731	942	40491
कुल योग:	1238	144646	2018	165141	1580	84918	883	54476	1095	44231

विदेशों में कार्यरत श्रमिक

2255. **श्री अनन्तराय देवशंकर दवे:** क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि भारतीय मिशन विदेशों में कार्यरत भारतीय श्रमिकों पर पर्याप्त ध्यान नहीं देते;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या विदेशों में भारतीय श्रमिकों के बारे में संबंधित अधिकारियों को पर्याप्त जानकारी नहीं दी जाती है जिससे वे इन श्रमिकों पर ध्यान दे सकें;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या सुधारात्मक कदम उठाये गये हैं अथवा उठाये जा रहे हैं?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आर० एल० भाटिया): (क) और (ख) हमारे मिशन भारतीय कार्मिकों की उन शिकायतों पर उचित ध्यान देते हैं जो उन के ध्यान में लाई जाती है।

(ग) से (ङ) विदेश स्थित हमारे मिशनों में, विशेष रूप से उन स्थानों पर जहां बड़ी संख्या में भारतीय कार्मिक हैं, जैसे कि खाड़ी में, तैनात अधिकारियों को मंत्रालय में संबंधित प्रभागों के साथ संलग्न करके आवश्यक परिस्थिति से परिचित कराया जाता है, और जहां आवश्यक होता है, सरकार की अन्य शाखाओं से संलग्न करके उन्हें सरकार के स्थायी आदेशों से परिचित कराया जाता है और इस बात की भी जानकारी दी जाती है कि भारतीय कार्मिकों के साथ कैसा व्यवहार किया जाना चाहिए।

उत्तर प्रदेश में तेल की खोज

2256. **प्रो० राम बख्श सिंह वर्मा:** क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या उत्तर प्रदेश में तेल और प्राकृतिक गैस की खोज हेतु कोई सर्वेक्षण कराया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में अब तक कितनी धनराशि खर्च की गई है;

(ग) तेल के कितने कुओं की खुदाई की गई है और गैस के कितने भंडारों का पता लगाया गया है; और

(घ) किन-किन स्थानों पर गैस के भंडार मिले हैं और उनका ब्यौरा क्या है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के (राज्य मंत्री) (कैप्टन सतीश शर्मा): (क) जी, हां।

(ख) तेल एवं प्राकृतिक गैस के अन्वेषण के लिए उत्तर प्रदेश में किए गए भूवैज्ञानिक सर्वेक्षणों का विवरण निम्नानुसार है:

(i) भूवर्गीय सर्वेक्षण	—25627 वर्ग कि०मी० अर्द्ध विस्तृत अध्ययन आरेखन 4170 वर्ग कि०मी० का विशेष अध्ययन
(ii) गुरूत्व चुम्बकत्व सर्वेक्षण	—55945 स्टेशन
(iii) भूकंपी सर्वेक्षण	—द्विआयामी 10614 जी एल के 31233 एस एल के 3763 एल के